अनुपयोगी ▶ झाल प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन योजना में लगा ग्रहण, ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल का छाया संकट

# पानी की तरह बहाया पैसा लेकिन नल से नहीं पहुंच रहा जल






**चिल्हारी, उमरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने कई करोड़ रुपए खर्च करके गांव-गांव शहर शहर में जल जीवन मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई थी कि लोगों को नल से जल पहुंचे लेकिन केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही ।

ऐसा ही एक मामला मानपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत झाल प्रोजेक्ट अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना में सरकार द्वारा पानी की तरह पैसा बिछाकर पाइप लाइन बिछाई गई ताकि आमजन को नल से जल पहुंचे लेकिन सरकार की मंशा पर पानी फिरता हुआ देखाई दे रहा है। ठेकेदार द्वारा गांव-गांव सरकार की राशि को आहरण करने के लिए पाइप लाइन तो बिछा दी लेकिन आज भी लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकते देखे जा रहे हैं, लेकिन जिले भर सहित मानपुर विधानसभा क्षेत्र में महज जल जीवन दिखावा साबित हुआ है जो कागजों तक की सिमट कर गया है।

### ग्राम कुड़ी एवं बचहा में आज तक नहीं पहुंचा नल से जल

मानपुर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बचहा एव कुड़ी गांव में नल जल की जमीनी हकीकत पता की गई तो केवल कागज पर उतर कर यह योजना बनी है स्थानीय निवासी देवेंद्र जयसवाल, अश्विनी मिश्रा सहित अन्य लोग बताएं कि पाईप लाईन बिछाएं क ई साल गुजर गए टेस्टिंग भीकी गई लोगों में आशा विश्वास जगा की नल से जल आएगा लेकिन आशा आस में ही बदल गई बचहा के लोग आज भी कुआं तालाब हैण्ड पम्प से कोसों दूर पानी लाकर गूजर बसर कर रहे।

**▶ नल जल का सफल क्रियान्वयन करने में प्रशासन असफल**

झाल प्रोजेक्ट अंतर्गत ग्राम चिल्हारी, पड़वार सुखदास पलझा चंन्सुरा पनपथा सहित अन्य गांव में ठेकेदार एवं प्रशासन असफल साबित हुआ प्लांटमें विद्युत की समस्या लो वोल्टेज अथवा मेंटेनेंस के नाम पर एक एक सप्ताह तक पानी की सप्लाई नहीं हो रही जिससे जनता में आक्रोश भी देखने को मिलने लगा है अगर समय रहते व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गईं तो लोग सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

### आज भी चिल्हारी गांव के कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच रहा

जानकारों का कहना है कि अब नल जल योजना मज़ाक योजना बनकर रह गई है 12 हजार आबादी वाले गांव चिल्हारी में आदिवासी मोहल्ला अनुसूचितजन जाति , शांति नगर, सुदामा कोल डोगरी टोला, सहित वार्डों में नल से जल नहीं पहुंच रहा लोग इसकी शिकायत जिला प्रशासन एवं 181 में दर्ज कराई है लेकिन आश्वासन देकर सीएम हेल्पलाइन कटवा ली जा रही है लेकिन आज भी आदिवासी मोहल्ला अनुसूचित जाति मोहल्ले में पानी नहीं पहुंच रहा लोगों को कई कोसों दूर से पानी लाकर गुजर बसर करने को मजबूर हो रहे हैं।

# सडन कार्डियक एंड रेस्पिरेटरी फेलियर से हुई थी बाघ की मौत

▶ बीटीआर की पनपथा रेंज के खेरवा में मृत वन्यजीव की पीएम रिपोर्ट में खुलासा

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेरवा मे मृत मिले नर बाघ की मौत हृदय एवं श्वसन तंत्र के अचानक बंद हो जाने से हुई थी। यह खुलासा वन्यजीव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार बाघ लंबे समय से कमजोर और बीमार स्थिति में था। उसकी मांसपेशियां पीली व सूखी पाई गईं, पाचन तंत्र पूरी तरह खाली था तथा त्वचा खुरदरी और बेजान हो चुकी थी। शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में रक्त संचार कमजोर होने के संकेत भी मिले हैं।

गौरतलब है कि गत 24 मई को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर अंतर्गत ग्राम खेरवा टोला के एक घर में नर बाघ मृत अवस्था में मिला था। जिसका पोस्टमार्टम 25 मई को तीन वन्यजीव चिकित्सकों के पैनल ने दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम किया। इस दौरान भारतीय वन्यजीव स्वास्थ्य संस्थान जबलपुर के निदेशक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक तथा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**▶ मौत के बाद हुआ था ट्रेंक्यूलाईजेशन**

रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ कि बाघ के दाहिने कंधे पर लगाया गया बेहोशी का डार्ट मृत्यु के बाद लगाया गया था, क्योंकि वहां रक्तस्राव के कोई निशान नहीं मिले। चिकित्सकों ने बीमारी, आंतरिक रोग, तनाव अथवा विषाक्तता की संभावना की जांच के लिए आवश्यक नमूने मानक प्रयोगशालाओं में भेजे हैं।

# गौवंश संरक्षण की उठाई मांग

▶ शहपुरा में मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**शहपुरा, नवभारत।** शहपुरा क्षेत्र के मुस्लिम समाज द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौपा गया हैं ज्ञापन मे गौवंश संरक्षण को लेकर विभिन्न मांगें उठाई गई हैं। ज्ञापन में हिंदू समाज की आस्था का सम्मान करने की बात कहते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि देशभर में गाय से जुड़े बूचड़खाने बंद किए जाएं तथा गौवंश से संबंधित किसी भी प्रकार के व्यापार पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही गौवंश से जुड़ी वस्तुओं के आयात-निर्यात को भी बंद करने की अपील की गई है। मुस्लिम समाज शहपुरा ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि उक्त ज्ञापन को माननीय राष्ट्रपति तक पहुंचाया जाए तथा शासन-प्रशासन इस विषय में सहयोग प्रदान करे। इस दौरान अताउरहमान खान, बहिद खान, मुबीन, इक़बाल, आशु, हिदायत, अनस, इमरान सहित मुस्लिम समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।






# भिलाई मॉल में पाइप लाइन विस्तारीकरण एवं रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**शहपुरा, नवभारत।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलाई मॉल में पाइप लाइन विस्तारीकरण एवं रंगमंच निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मी, जनपद सदस्य ज्योति परस्ते, सरपंच, सचिव तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और विकास कार्यों को लेकर उत्साह दिखाई दिया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद गांव के अधिक से अधिक परिवारों तक सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

वहीं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि रंगमंच बनने से सामाजिक आयोजन एवं अन्य गतिविधियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा। इससे ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शन का अवसर भी मिलेगा। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा।

# मोहब्बत और भाईचारे के साथ अदा की ईदुल अज़हा की नमाज़

▶ मुल्क में अमन, तरक्की और खुशहाली के लिए उठे दुआओं के लिए हजारों हाथ





**नवभारत, उमरिया।** उमरिया मुख्यालय स्थित ईदगाह में गुरुवार की सुबह ईदुल अज़हा का मुबारक पर्व पूरे अकीदत, खुलूस और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह की ओर नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। सफेद लिबास में सजी लंबी-लंबी साफों के बीच अल्लाहु अकबर ? की सदाओं ने माहौल को रूहानी बना दिया। हजारों नमाजियों ने सज्दे में झुककर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली और इंसानियत की सलामती के लिए दुआएं मांगीं।

ईदुल अज़हा की नमाज़ जामा मस्जिद के इमाम हाफिज शान मोहम्मद साहब की इमामत में अदा की गई। वहीं गौसिया मस्जिद के इमाम मौलाना मारूफ रज़ा साहब ने अपने बयान में कुर्बानी की असली रूह को बयान करते हुए कहा कि ईद हमें त्याग, सब्र, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम देती है। मुख्यालय के अलावा चंदिया, मानपुर, नौरोजाबाद, पाली, मेढ़की, अमरपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी ईदुल अज़हा की नमाज़ पूरी अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई ।त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के माकूल इंतज़ाम किए गए थे।

इस मौके पर ईदगाह पहुंचे कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय कोल, नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव, पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह, कांग्रेस जिला संगठन महासचिव पुष्पराज सिंह, सतवंत सिंह, मिथिलेश राय, संतोष सिंह, राजेन्द्र कोल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने नमाजियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम बांधवगढ़ अम्बिकेश सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, एसडीओपी पीएल सिंह, तहसीलदार सतीश सोनी, नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों ने भी ईदगाह पहुंचकर लोगों को शुभकामनाएं दीं। गौसिया मस्जिद सदर इनायत सिद्दीकी ने कहा कि त्योहार दिलों को जोड़ने का जरिया होते हैं। उन्होंने प्रशासन से कब्रिस्तान और श्मशान घाटों की सुरक्षा, साफ-सफाई और बाउंड्रीवाल निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी निवेदन किया। वहीं जामा मस्जिद सदर शेख आज़ाद ने कहा कि, ईदुल अज़हा कुर्बानी, सब्र और इंसानियत का त्योहार है।

# किशोरियों को दिया गया स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का संदेश

▶ कार्यकर्ता-सहायिकाओं को दी भावभीनी विदाई




**करंजिया, नवभारत।** गुरुवार को करंजिया परियोजना अंतर्गत परसेल सेक्टर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लंबे समय से सेवाएं दे रहीं कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को सम्मानपूर्वक विदाई देना तथा किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को माहवारी चक्र, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सेनेटरी नैपकिन के सही उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि किशोरावस्था में शरीर में होने वाले परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा हैं और इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। बालिकाओं को समझाया गया कि माहवारी के समय साफ-सफाई नहीं रखने से कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

### स्वास्थ्य सुरक्षा के उपायों की दी जानकारी

सेक्टर सुपरवाइजर शशि साड़ियां एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी करंजिया ने किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन के उपयोग, उसके सुरक्षित निस्तारण तथा स्वास्थ्य सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचाने और उन्हें जागरूक बनाकर स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करने की है। उन्होंने माहवारी जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने किशोरियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं साझा करने की सलाह दी। साथ ही संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं ने भी रुचि दिखाते हुए विभिन्न सवाल पूछे, जिनका सरल भाषा में जवाब दिया गया।

विदाई समारोह के दौरान सेवाएं दे चुकी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं समाज में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम का समापन पर सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण एवं किशोरी सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में परसेल सेक्टर की सभी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में किशोरी बालिकाएं शामिल हुईं।



# कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

▶ एनक्यूएएस प्रशिक्षण से अनुपस्थित 5 स्वास्थ्य अधिकारियों का कटेगा एक दिन का वेतन

डिंडौरी, नवभारत। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक अंतर्गत जिला अस्पताल में आयोजित एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर 5 स्वास्थ्य अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे ने अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा उनका एक दिवस का वेतन अवैतनिक करने के निर्देश दिए हैं।

प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे सीएमएचओ डॉ. पांडे ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ. मनोज उरैती, मनोरमा सोनावने एवं डॉ. अंकित अलावे द्वारा चयनित 58 स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों को सर्टिफिकेशन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे।

### इन अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है उनमें हीना बानो (सीएचओ, पडरिया माल), भारती मेहरा (सीएचओ, सढ़वाछापर), रोशनी धुर्वे (सीएचओ, पिपरिया) तथा डॉ. विवेक साहू (मेडिकल ऑफिसर, कोहनी देवरी) शामिल हैं।

### सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दो नाव जब्त

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले में संचालित नौका विहार स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर राखी सहाय के निर्देश पर चलाए जा रहे औचक निरीक्षण अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर हरनीत कौर कलसी ने ग्राम झाल क्षेत्र स्थित सोन नदी घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोन नदी के किनारे स्थित झाल घाट तथा विजयसोता के बीच संचालित नावों की जांच की गई। इस दौरान दो नावों में सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाया गया। नाव चालक राम विशाल केवट निवासी विजयसोता तथा रनुआ केवट निवासी झाल द्वारा बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के नाव संचालन किया जा रहा था। जांच में पाया गया कि नावों में लाइफ जैकेट, लाइफ रिंग सहित अन्य आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं थे। प्रशासन ने इसे यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानते हुए तत्काल कार्रवाई की। एसडीएम मानपुर ने दोनों नावों को जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि विजयसोता से झाल आ रही नाव में एक भी लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं थी, जबकि झाल से विजयसोता जा रही नाव में निर्धारित संख्या से कम लाइफ जैकेट मौजूद थीं।

# भीषण गर्मी में बिजली खेल रही आंख-मिचौली

▶ 8-10 घंटे की हो रही कटौती, जेई साहब नहीं उठाते फोन

**नौरोजाबाद।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच करकेली वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले सस्तरा, स्टेशन, बड़ागांव, निपनियाँ, देवगवां, बंधवाटोला, साल्हेटोला के ग्रामीण बिजली की आंख-मिचौली से बेहाल हैं। तापमान 44 डिग्री पार कर चुका है, लेकिन बिजली दिनभर में 8 से 10 घंटे गायब रह रही है। रात में भी 3-4 बार लाइट जाने से लोगों की नींद उड़ गई है। गर्मी से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों का हाल बेहाल है।

ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली गुल होने पर करकेली वितरण केंद्र के जेई को फोन लगाया जाता है तो वे फोन ही नहीं उठाते। कई बार फोन बंद आता है। मजबूरी में लोगों को 15-20 किमी दूर करकेली ऑफिस जाना पड़ता है। सस्तरा के ग्रामीण रामलाल ने बताया कि रात 1 बजे लाइट गई तो जेई को 10 बार फोन लगाया, लेकिन रिस्पांस नहीं मिला। सुबह तक अंधेरे में बैठे रहे।

**शेड्यूल का नहीं पता, कब आए-कब जाएगी लाइट-** स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली कटौती का कोई शेड्यूल नहीं है। सुबह 6 बजे, दोपहर 12 बजे, शाम 4 बजे और रात 10 बजे कभी भी लाइट चली जाती है। एक बार गई तो 2-3 घंटे बाद ही आती है। लो-वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है, जिससे मोटर-पंखे तक नहीं चल पा रहे।

**पानी की सप्लाई भी ठप-** बिजली न होने से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। नल-जल योजना की टंकियां नहीं भर पा रही हैं। लोग हैंडपंप और प्राइवेट बोर पर निर्भर हैं। कई मोहल्लों में दो-दो दिन से नल नहीं आए। इन्वर्टर भी जवाब दे गए हैं।

समीक्षा ▶ कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में दिए निर्देश

# दुर्घटना संभावित स्थलों पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड लगाए जाएं



**डिंडौरी, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शुक्रवार को कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में राहवीर योजना, हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना प्रकरणों, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं सुधार कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। मडियारास तिराहे से कूंड़ा, अपना ढाबा से मुडकी तिराहा, हनुमान मंदिर के पास मोड़, बड़झर घाट, क्रेशर पाइंट बिजौरी, रहमान ढाबा सुकुलपुरा सहित विभिन्न दुर्घटना संभावित स्थलों पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने नगर के बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, ओवर स्पीड पर नियंत्रण, ऑटो पार्किंग व्यवस्था, सड़क मरम्मत कार्य एवं आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर निर्माण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ओवरलोड वाहनों की निगरानी के लिए हाईटेक व्यवस्था अपनाने, पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

बैठक में स्पीड ब्रेकरों पर ग्रोवन व्हाइट पेंट करवाने, विभिन्न स्थानों पर रेडियम रिफ्लेक्टर, गति अवरोधक, संकेतक चिन्ह, रेडियम बैरिकेडिंग एवं रेलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही आमजन से संवाद कर मांग के आधार पर आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की बात कही गई।

### पीएम राहत के पांच प्रकरण स्वीकृत

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं सर्व समिति से पीएम राहत के पांच प्रकरण स्वीकृत, राहवीर योजना में आठ प्रकरण, जिसमें मदद करने वाले व्यक्ति को पुरूस्कार के रूप में 25 हजार रूपए दिए जाते हैं। हिट एण्ड रन योजना में 2 प्रकरण स्वीकृत किए गए जिन्हें राहत राशि प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारी ने बताया कि बडझर घाट में बहुत एक्सीडेंट होते थे जब से हमारे द्वारा संकेतिक बोर्ड, सोल्डर रिपेरिंग का कार्य किया गया है तब से दुघर्टनाओं पर विराम लगा हुआ है।

### ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम रामबाबू देवांगन, बजाग एसडीएम अक्षय डिगरसे, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, प्रबंधक एनआईसी, यातायात प्रभारी सुभाष उईके, परिवहन अधिकारी, प्रधानमंत्री सडक अधिकारी, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी, एनएच-45, नगर परिषद, समस्त तहसीलदार, सीएमएचओ, डॉ. राजेश मरावी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रेखा सरौते पिता धनसिंह सरौते उम्र 22 वर्ष जाति गोंड है निवासी वार्ड न. 07 अम्बेडकर वार्ड डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र राज्य सत्यनिष्ठा से यह घोषणा / शपथ करती हू कि :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरा वास्तविक नाम रेखा सरौते है जो कि मेरे अंकसूची एवं सभी दस्तावेजों में अंकित है, किन्तु त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रेखा बर्मन दर्ज हो गया है जो कि गलत है। 3. यह कि मैं शपथ अपने आधार कार्ड में अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज के अधार पर मेरा नाम रेखा बर्मन की जगह रेखा सरौते दर्ज करवाने हेतु स्वयं का शपथपत्र निष्पादित कर रही हूं। 4. यह कि इस शपथपत्र के आधार पर मेरे आधार कार्ड में अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज के अधार पर मेरा नाम रेखा बर्मन की जगह रेखा सरौते दर्ज किया जावे।

शपथकर्ता